THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALFAM SINGH YADAV): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

बिहार में खानों का कार्यकरण

1470. **श्री गया सिंह :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र में कार्यरत कोयले की खानों के अलावा, अन्य खानों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि रख-रखाव के अभाव में मुसाबानी खान की उत्पादकता में गिरावट आई है ; और

(ग) ऐसी तांबे की खानों का ब्यौरा क्या है जहां अभी तक उत्पादन भी प्रारंभ नहीं हुआ है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) बिहार में कार्यरत खानों की संख्या और 1991-92 के दौरान उनका उत्पादन विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए)

(ख) जी नहीं ।

(ग) हिन्दुस्तान कापर लि० में ऐसी कोई खान नहीं है, जिसमें अभी उत्पादन आरंभ न किया गया हो ।

"बिहार में खानों का कार्यकरण"

विवरण

क्रम सं०	खनिज	मात्रा की इकाई	सरकारी क्षेत्र		निजी क्षेत्र		कुल	
			खानों की सं०	उत्पादन	खानों की सं०	उत्पादन	खानों की सं०	उत्पादन
1.	बाक्साइट	टन	—	—	33	10,35,750	33	10,35,750
2.	तांबा अयस्क	टन	5	11,87,950	—	—	5	11,87,950
3.	लौह अयस्क	ह०टन	5	6,425	26	3,627	31	10,052
4.	मैंग्नीज अयस्क	टन	—	—	4	18,052	4	18,052
5.	डोलोमाइट	टन	1	1,49,061	—	—	1	1,49,061
6.	फेल्सपार	टन	—	—	6	4,446	6	4,446
7.	फायरक्ले	टन	—	—	19	31,916	19	31,916
8.	ग्रेफाइट (आर. ओ. एम.)	टन	1	5,286	2	367	3	5,653
9.	गम्ओलिन	टन	—	—	17	41,894	17	41,894
10.	कायनाइट	टन	2	10,157	—	—	2	10,157
11.	चूना-पत्थर	टन	6	508	19	1,179	25	1,687
12.	अभ्रक (अपरिष्कृत)	ह०टन	9	144	43	1,710	52	1,854
13.	ओकर	टन	—	—	1	167	1	167
14.	पायराइट	टन	1	1,30,650	—	—	1	1,30,650
15.	क्वार्टजाइट	टन	1	6,000	4	6,920	5	12,920
16.	क्वार्टज	टन	—	—	3	1,313	3	1,313
17.	सिलिका सैंड	टन	—	—	2	93,306	2	93,306
18.	स्टीटाइट	टन	—	—	2	4,498	2	4,498
			31		181		212	